# बीडीएम की भक्ति सुधा को हिंदी में मिले 98 अंक

**कोलकाता.** बीडीएम इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा भक्तिसुधा साव ने



सीबीएसई, दसवीं में हिंदी विषय में 100 में से 98 अंक हासिल कर अग्रणी स्थान हासिल किया. अंग्रेजी मीडियम स्कूल की यह छात्रा पढ़ाई के अलावा हिंदी की कई गतिविधियों में भाग लेती है. इस छात्रा का कहना है कि उसे हिंदी प्रतियोगिताओं में भी बहुत रुचि है. हर कंपीटिशन में उसकी हिंदी शिक्षिका सीमा सिंह उसे प्रेरित करती है, उसका आत्मविश्वास बढ़ जाता है. सभी टीचर्स के स्नेह व अच्छे वातावरण ने उसे हर कदम पर सही दिशा दिखायी है. स्कूल उसकी सफलता की नींव है. पढ़ाई के अलावा उसे हिंदी साहित्य की अच्छी किताबें पढ़ने का भी शौक है.